समझौता ज्ञापन

आज दिनांक 12.09.2023 दिन मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली (उ0प्र0) के उप शिक्षा निदेशक डॉ0 चन्द्रशेखर मालवीय एवं फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली (उ0प्र0) के प्राचार्य प्रो0 मनोज कुमार त्रिपाठी के द्वारा दोनों संस्थानों एवं वहाँ प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओं के शैक्षिक उन्नयन एवं संवर्द्धन के दृष्टिगत निम्नवत् बिन्दुओं पर सहमति के आधार पर इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

1. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली के प्रवक्ताओं एवं शिक्षक शिक्षा विभाग फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली के प्राध्यापकों के मध्य शैक्षिक विचारों के आदान प्रदान हेतु सोशल मीडिया के माध्यम से एक साझा मंच तैयार किया जायेगा।

2. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली एवं शिक्षक शिक्षा विभाग फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली के द्वारा अपने यहाँ आयोजित विभिन्न संगोष्ठियों, कार्यशालाओं में दूसरे संस्थान के प्रवक्ताओं/प्राध्यापकों एवं यथोचित चयनित प्रशिक्षुओं को प्रतिभाग करने का अवसर दिया जायेगा।

3. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली एवं शिक्षक शिक्षा विभाग फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली के द्वारा वहां प्रशिक्षणरत प्रशिक्षुओं के शैक्षिक उन्नयन तथा विभिन्न अध्यापकीय पात्रता परीक्षाओं जैसे UPTET, CTET आदि की तैयारी हेतु समय समय पर एक दूसरे के संस्थानों में व्याख्यान दिये जायेगे।

4. जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली एवं शिक्षक शिक्षा विभाग फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली के प्रवक्ताओं/प्राध्यापकों के द्वारा शिक्षण के नवीन विधाओं एवं प्रविधियों सम्बन्धी विचारों एवं नवीनतम तकनीको का आपस में आदान–प्रदान किया जायेगा।

5. शिक्षक शिक्षा विभाग फिरोज गांधी महाविद्यालय के प्राध्यापकों के द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली के प्रवक्ताओं को उनके द्वारा विभिन्न शैक्षणिक विषयों पर सम्पादित किए जा रहे अथवा किए जाने वाले विभिन्न शोधों पर यथोचित मार्गदर्शन प्रदान किया जायेगा।

6. दोनो संस्थानों के द्वारा जनहित में सम्पादित होने वाले विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों हेतु भौतिक संसाधनों को साझा किया जायेगा।

7. फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली के इन्दिरा गांधी सभागार का प्रयोग महाविद्यालय के प्रबन्ध तंत्र की अनुमति के अधीन है अतः उक्त आयोजनों हेतु इसका प्रयोग प्रबन्धन तंत्र की पूर्वानुमति के उपरान्त ही किया जा सकेगा।

प्रो0 (मनोज कुमार त्रिपाठी)
प्राचार्य
फीरोज गॉधी महाविद्यालय
रायबरेली।

डॉ0 (चन्द्रशेखर मालवीय)
उप शिक्षा निदेशक
प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
रायबरेली।